# पायनियर चेतना

☎ : 05947-252841

18 सितम्बर 2004 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-249

(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० वी० डी० पाण्डे, रामनगर (अवैतनिक)

☎ : 05947-251536, 251056


## पी. डी. गुप्ता (कर्वी) राकेश अरोड़ा (हापुड़) द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नामांकन

रामनगर। इण्टरनेशनल पायनियर्स प्रधान कार्यालय के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन में दस वर्ष बाद चुनाव होने की सम्भावनाऐं उत्पन्न हो गई है। इस वर्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर कर्वी चित्रकूट के पी.डी. गुप्ता तथा हापुड़ के राकेश अरोड़ा ने अपना नामांकन किया है। यदि कोई नाम वापस नहीं हुआ तो निर्वाचन 3 अक्टूबर को 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन नैनीताल में सम्पन्न होगा। दोनो पक्षों ने निर्वाचन हेतु व्यापक जनसम्पर्क प्रारम्भ कर दिया है। वर्तमान में हापुड़ के टी० राजन इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। तथा उससे पूर्व लगातार 9 वर्षों तक दिल्ली के अशोक सर्राफ इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे।

## टी. राजन का अभिनन्दन

रामनगर। आज इण्टरनेशनल पायनियर के राष्ट्रीय अध्यक्ष टी. राजन हापुड़ ग्रीन वैली रेस्टोरेन्ट, रामनगर में अरविन्द सिंघल, अध्यक्ष पायनियर क्लब रामनगर के अध्यक्षता में अभिनन्दन किया गया। सचिव, सलिल गुप्ता ने माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। महासचिव, संजीव शर्मा, उपमहासचिव, अमित गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मंगलसेन मित्तल एवं संस्थापक, संतोष मेहरोत्रा ने टी. राजन द्वारा संस्था के लिये किये गये कार्यों के उनकी सराहना व प्रशंसा की। उनके कार्यकाल में अनेक स्थानों में हार्ट कैम्प, इको कैम्प और मेडिकल कैम्प लगाये गये। पर्यावरण संरक्षण पर संस्था के सदस्यों ने काफी कार्य किया है। पायनियर वाद के विस्तार पर भी सराहनीय कार्य हुआ है।

टी. राजन ने सभी शाखाओं से 35 वां राष्ट्रीय सम्मेलन, नैनीताल को सफल बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा भारत में लायंस और रोटरी जैसी अर्न्तराष्ट्रीय संस्थाऐं कार्य कर रही है, पर भारतीय संस्था इण्टरनेशनल पायनियर के कार्यों को नकारा नहीं जा सकता है। जहां भारत की योग और प्राकृतिक चिकित्सा मेडिकल साइंस के क्षेत्र में अपना स्थान बनाती जा रही है। वहीं समाज सेवी संस्था के रूप में इण्टरनेशनल पायनियर्स ने अपनी उत्कृष्ट पहचान बनायी है। उन्होंने युवाओं से अह्वान किया कि सेवा के क्षेत्र में आगे गये और प्रत्येक नगर और ग्राम में इण्टरनेशनल पायनियर्स को स्थापित कर सेवा और परोपकार के कार्यों को बढ़ावा दे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष टी. राजन ने प्रधान कार्यालय के अभिलेखों की जांच की। राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्वाचन एवं 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन की व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया। उन्होंने रामनगर पायनियर द्वारा संचालित स्वामी परमानन्द धर्मार्थ पायनियर होम्योपैथिक औषधालय, रामनगर, राजरानी धर्मार्थ पायनियर होम्योपैथिक औषधालय, पीरूमदारा, पायनियर आक्सीजन बैंक, रामनगर पायनियर यात्री टिन सैड भवानीगंज, रामनगर का निरीक्षण भी किया तथा अच्छे कार्यक्रम के लिये रामनगर पायनियर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न शाखाओं को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिये अवार्ड दिया जायेगा।

## स्वतंत्रता दिवस मनाया

कर्वी चित्रकूट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 9 बजे (15 अगस्त'04) पाय0 अध्यक्ष पी0डी0 गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति रही और सभी द्वारा बलिदानियों एवं महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एकता एवं पीड़ित मानवता की सेवा हेतु दृढ़ संकल्प लिया गया।

पुनः 10 बजे से वर्ष 2004 एवं 2005 हेतु बोर्ड की गठन की प्रक्रिया चालू हुई हालांकि वर्तमान अध्यक्ष महोदय द्वारा बोर्ड गठन हेतु चार विकल्प प्रस्तुत किए गए परन्तु सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि भावी अध्यक्ष का चयन होना चाहिए एवं अध्यक्ष को अपने वोर्ड विस्तार का पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए ताकि किसी भी तरह का भविष्य में विरोधाभास न हो।

इसी क्रम में सर्वसम्मति से वर्ष 2004-2005 हेतु अध्यक्ष के रूप में पाय0 संजय कुमार अग्रवाल एडवोकेट का चयन किया गया। भावी अध्यक्ष पाय0 संजय कुमार अग्रवाल एडवोकेट द्वारा बोर्ड का विस्तार सर्वसम्मति से निम्न प्रकार किया गया –

अध्यक्ष : पाय0 संजय अग्रवाल एडवोकेट, उपाध्यक्षः महेन्द्र कुमार केशरवानी एवं प्रेमनरायन गुप्ता, सचिव : केशव शिवहरे, उपसचिवः रमेश चन्द्र केशरवानी, कोषाध्यक्ष : विनोद कुमार गुप्ता, कार्यालय प्रमुख : ओमप्रकाश साहू, निदेशक : डा0 महेन्द्र गुप्ता, पी. डी. गुप्ता, अतुल अग्रवाल, अजय अग्रवाल।

## 35 वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन Dynasty Resort खुर्पाताल में

रामनगर। इण्टरनेशनल पायनियर का 35वां राष्ट्रीय अधिवेशन नैनीताल कालाढूंगी रोड पर नैनीताल से 8 कि.मी. तथा कालाढूंगी से 18 कि.मी. दूर खुर्पाताल स्थित Dynasty Resort में सम्पन्न होगा। इस रिसोर्ट में कालाढूंगी से पहुचंने के लिये कालाढूंगी से नैनीताल मार्ग पर खुर्पाताल पहुंचे। खुर्पाताल के किनारे ये आलीशान रिसोर्ट बना हुआ है। इस रिसोर्ट में इन्डोर गेम, वीडियो गेम, आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। तथा अत्यन्त मनोरम एवं दुर्गम पर्वतीय श्रृंखलाओं से घिरा खुर्पाताल के किनारे स्थित ये रिसोर्ट प्रत्येक सदस्य का मन मोह लेगा इसका हमें विश्वास है। इसमें बच्चों को भी मनोरंजन के भरपूर अवसर मिलेंगे। ये अधिवेशन एक यादगार अधिवेशन साबित होगा। इसकी सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गई है।

साधारणत: इस रिसोर्ट में डबल रूम रू0 900.00 से 3000.00 प्रति दिन की दर से उपलब्ध है। प्रधान कार्यालय की ओर से प्रति सदस्य आवासीय व्यवस्था का रू0 300.00 प्रति सदस्य शुल्क लिया जायेगा तथा 150.00 रू0 प्रति सदस्य पंजीकरण शुल्क लिया जायेगा। अत: प्रत्येक सदस्य को अधिवेशन में शामिल होने के लिये रू0 450.00 जमा करना होगा। रिसोर्ट में सीमित आवास की व्यवस्था होने के कारण सभी शाखाओं के सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपना आवासीय व्यवस्था का शुल्क 300.00 रू0 प्रति व्यक्ति की दर से ड्राफ्ट बनवाकर इण्टरनेशनल पायनियर रामनगर को अविलम्ब भेज दें।

कार्यक्रम स्थान - डायनेस्टी रिसोर्ट, खुर्पाताल

**दिनांक 02 अक्टूबर 2004 शनिवार**

प्रात: 11 बजे से प्रतिनिधियों का पंजीकरण।

दोपहर 1 बजे भोजन

दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन।

सायं 4 बजे चाय् एवं स्वल्पहार

सायं 4.30 बजे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह एवं पुरस्कार वितरण।

रात्रि 8 बजे भोजन

रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं डी.जे. संगीत

**दिनांक 3 अक्टूबर 2004 रविवार**

प्रात: 8 बजे नाश्ता

प्रात: 9 बजे नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

प्रात: 10 बजे समापन एवं नैनीताल भ्रमण

नैनीताल भ्रमण के लिये रमणीय स्थान निम्न है -

नैनीताल झील में बोटिंग, नैना पीक, स्नो व्यू, लैण्ड सैन्डस, हनुमान गढ़ी, जू, राजभवन, केव गार्डन, आबजरवेट्री, वाटरफॉल आदि।

आशा है सभी शाखाऐं अपनी सूचनाएं तत्काल फोन से देंगी।

Dynasty Resort का फोन नं0 05942-240120, 240115 मोबाइल नं0 9412905286, 9412039130 दिल्ली, मुरादाबाद से आने वाले सदस्य बाजपुर, कालाढूंगी होकर खुर्पाताल पहुँच सकते है। तथा रेल से आने वाले सदस्य प्राइवेट बस से हल्द्वानी से कालाढूंगी तथा कालाढूंगी से खुर्पाताल पहुंच सकते हैं। अथवा मल्लीताल नैनीताल से खुर्पाताल को प्राइवेट बस सर्विस उपलब्ध है।

अत: प्रत्येक शाखा के जितने प्रतिनिधि इस सम्मेलन में पधार रहे हों, उसकी पूरी सूचना अविलम्ब महासचिव श्री संजीव शर्मा को देने का कष्ट करें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु कर्वी से पायनियर पी.डी. गुप्ता तथा हापुड़ से पायनियर राकेश अरोड़ा का नामांकन प्राप्त हुआ है।

यदि कोई नाम वापस नहीं हुआ तो निर्वाचन अधिवेशन स्थल पर भाग लेने वाले पायनियर सदस्यों एवं पदेन (पति/पत्नी) द्वारा किया जायेगा। अत: अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्वाचन से पूर्व प्रत्येक शाखा के पदाधिकारियों के नाम, पते, फोन नं0 और ई-मेल पता तथा प्रधान कार्यालय की प्रतिनिधियों की सूची प्रत्येक 10 पर 1 सदस्य, महासचिव को मिल जानी अत्यावश्यक है। अधिवेशन में मिलने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिये 18 दिसम्बर 2003 अंक 240 तथा 18 अगस्त 2004 अंक 248 का सामूहिक अवलोकन कर कृपया शाखाऐं एवं सदस्य अपने आवेदन अतिशीघ्र प्रधान कार्यालय को भेजें। जिस सदस्य ने इस सत्र में सर्वाधिक सदस्य बनायें हो, कृपया अपना दावा प्रस्तुत करें। अधिवेशन से पूर्व यदि कोई सदस्य नई शाखा खोलने में कामयाब होगा तो उसे गोल्डन पिन अवार्ड दिया जायेगा। गोल्डन पिन अवार्ड में इस वर्ष में पायनियर क्लब लखीमपुर खीरी खोलने के लिये कर्वी चित्रकूट के पायनियर पी.डी. गुप्ता तथा लखीमपुर खीरी के अतुल कुमार गुप्ता विजेता रहे हैं।

प्रत्येक शाखा अपना एक सदस्य सर्वश्रेष्ठ सदस्य के रूप में प्रस्तावित कर भेजें। ये सदस्य पदाधिकारी नहीं होना चाहिए।

वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी नेतृत्व को जिन सदस्यों/पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया है उनका हम आभार व्यक्त करते हैं। आशा व्यक्त करते हैं कि नये वर्ष के पदाधिकारियों को भी आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। पायनियरवाद के प्रगति के लिये जो सदस्य/पदाधिकारी जो भी सहयोग दे सकें उसके लिये हम आभारी रहेंगे। कृपया अधिवेशन हेतु अपना लिखित सुझाव अतिशीघ्र भेज कर अनुग्रहीत करें।

धन्यवाद! पायनियरवाद में आपके साथी।

| | | |
|---|---|---|
| (टी राजन) | (संतोष मेहरोत्रा) | (संजीव शर्मा) |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | संस्थापक | महासचिव |
| 9837465278 | 9837064444 | 9837014235 |

## पूर्व महासचिव का अभिनन्दन

इन्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अशोक अग्रवाल का रामनगर पहुंचने पर पायनियर्स क्लब रामनगर के सदस्यों ने स्वागत किया। उनके सम्मान में संस्थपक सन्तोष मेहरोत्रा की अध्यक्षता में स्वामी परमानन्द पायनियर्स धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय में आयोजित सभा में श्री अशोक अग्रवाल ने पायनियर्स औषधालय में शुगर टेस्ट के लिये ग्लूकोमीटर प्रदान किया। सभा का संचालन पाय. राजीव अग्रवाल ने किया। सभा में प्रमुख रूप से महासचिव संजीव शर्मा, पूर्व महासचिव मधुर किशोर, राजीव मित्तल, डा. के. के. अग्रवाल, डा. ए. कुमार, डा. आर. के. खुराना ने अपने विचार व्यक्त किये। अशोक अग्रवाल ने विश्वास दिलाया कि वह शीघ्र लखनऊ में पायनियर्स की स्थापना में कामयाब होंगे। उन्होंने चित्रकूट पायनियर्स के उत्साह की बेहद सराहना की उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में चित्रकूट जाना उनके लिए चिर स्मरणीय रहेगी।

पायनियर्स क्लब रामनगर ने श्री अग्रवाल द्वारा चिकित्सालय को दान दिये गये ग्लूकोमीटर के लिये उनका आभार व्यक्त किया।

## रामनगर में यूथ पायनियर्स का गठन

### चिराग बसंल-अध्यक्ष, गौरव शर्मा सचिव

पायनियर्स क्लब यूथ का गठन एवं निर्वाचन सर्व सम्मति से संरक्षक राजीव अग्रवाल एवं पाय० बसंत जैन के संयुक्त तत्वाधान में होटल आनन्द में सम्पन्न हुआ। जिसमें पाय० चिराग बंसल-अध्यक्ष, अमित अग्रवाल-उपाध्यक्ष, गौरव शर्मा-सचिव, दीपक शर्मा-उपसचिव, नितिन रस्तोगी-कोषाध्यक्ष, सिद्धार्थ शर्मा-निदेशक कार्यक्रम, तरूण अग्रवाल-निदेशक जनसम्पर्क।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक पाय० संतोष मेहरोत्रा एवं संस्था राष्ट्रीय महासचिव पाय० संजीव शर्मा उपस्थित थे जिन्होंने अपने सम्बोधन में सभी युवा पायनियर्स को बधाई दी और साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं में शराब और धूम्रपान का बेहद चलन है और राष्ट्रीय भावना का अभाव है। ऐसे में युवाओं में समाज सेवा का भाव निसंन्देह साधुवाद का प्रमाण है। ये युवक अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। महासचिव संजीव शर्मा ने कहा कि युवा पायनियर्स समाज में अपने आपको एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करें। अच्छे सेवा कार्यों से दूसरों को प्रेरणा दें।

## लखीमपुर खीरी में पायनियर्स की स्थापना

इन्टरनेशनल पायनियर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पाय. पी. डी. गुप्ता, कर्वी के प्रयासों से लखीमपुर खीरी में पायनियर्स क्लब की स्थापना संयोजक पाय. अतुल कुमार गुप्ता द्वारा की जा चुकी है। अब तक पाय. नीरज जायसवाल, पाय. धीरज सचदेवा, पाय. गोपाल जी गुप्ता, पाय. राजीव गुप्ता सदस्य बनाये जा चुके हैं। सभी सदस्य नैनीताल अधिवेशन में पहुंचेगें।

## शोक सम्वेदना

कर्वी माह अगस्त (5/8/04) की बैठक प्रस्ताव सं.-2 में, इण्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं संविधान निर्मात्री सभा के वरिष्ठ सदस्य पाय० विप्र कुमार शर्मा जी का 16 जुलाई '04 को हृदय गति रूक जाने से असमायिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्री स्व. शर्मा जी की आत्मा की शान्ति हेतु समस्त सदस्यों द्वारा प्रार्थना की गई इस दु:ख की घड़ी में ईश्वर श्री शर्मा के परिवार को इस सदमा को झेलने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें। इस दु:ख की घड़ी में हमारा पूरा पायनियर्स क्लब का परिवार दुखी है।

माह अगस्त में शाखा के कोषाध्यक्ष पाय० प्रेमनरायन गुप्ता की चाची एवं कार्यालय प्रमुख सुनील सुहाने की चाची जी दोनों के आकस्मिक निधन हो जाने पर सभी सदस्यों ने अपनी-2 श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए इस दु:ख की घड़ी में धैर्य एवं शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

हापुड़। पाय० सी. के. टन्डन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वर्गवास सुनकर बड़ा अफसोस हुआ। आना जाना ऊपर वाले के हाथ में है। हम भगवान से उनकी आत्मा की शांति के प्रार्थना करते हैं। – पाय. राकेश अरोरा

## हापुड़ पायनियर्स के निर्वाचन सम्पन्न

सम्भल व मुरादाबाद की यात्रा करके हमें एहसास हुआ है कि जो उद्देश्य इस वर्ष का हम लेकर चले थे हम तेजी से उस ओर अग्रसर है और पायनियर परिवार में तेजी से वृद्धि हो रही है। हापुड़ इको केयर में डा. अशोक गुप्ता अध्यक्ष व डा. रविन्दर राठी सचिव चुने गए है। पर्यावरण के लिए प्रति सप्ताह पौधारोपण व गोष्ठी जारी है और बरसात के मौसम का हम पूरा फायदा लेकर स्कूलों व संस्थाओं को साथ लेकर चल रहे हैं।

2004-2005 के लिए

मेन शाखा हापुड़ पायनियर्स के पदाधिकारी का चुनाव हो गया है। क्रमश: इस प्रकार है -

अध्यक्ष : रमन केहर, सचिव : प्रमोद भोला, कोषाध्यक्ष : इन्दर मोहन सिंह, सहसचिव : स. हरजीत सिंह, सहकोषाध्यक्ष : पाय. मनमोहन कक्कड़, पाय. सतीश चन्द्र अग्रवाल संरक्षक, पा. सरदार नरेन्द्र सिंह वाइस प्रेसीडेन्ट, पाय. डा. अशोक ग्रोवर वाइस प्रेसीडेन्ट पाय० मनोज कर्णवाल पी.आर.ओ., पाय. राकेश अरोरा चेयरमैन सोशल सर्विस, पाय. अनिल बाजपेई एजूकेशन, पाय. अतुल शर्मा चेयरमैन एक्सटर्नल अफेयर, पाय. मनोज कर्णवाल डायरेक्टर सोशल सर्विस, पाय. ओम प्रकाश अरोरा डायरेक्टर मेडीकल कमेटी, पाय. सुनील गोयल चेयरमैन पर्यावरण कमेटी

## राकेश नवेदिया अमृतसर पायनियर्स क्लब के संयोजक

रामनगर। अमृतसर पटेल चौक के निवासी राजेश कुमार नवदिया को अमृतसर पायनियर्स क्लब का संयोजक राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा नियुक्त किया गया है। उनका सदस्यता क्रमांक 1742 है।




43 Lion Manjeet Singh
52, Nehru Nagar
Agra
off. 75156 res. 66918

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इंटरनेशनलपायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी एवं समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल

सोसाइटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या- 1237/1971-72

## पर्यावरण कार्यक्रम - हापुड़ समाचार

राष्ट्रीय पर्यावरण कमेटी का सचिव होने के नाते मैंने 200 स्कूल सभी पायनियर पदाधिकारियों, प्रशासन व अखबारों को पत्र लिखकर पौधारोपण के लिए आग्रह किया है।

हम हापुड़ में प्रति सप्ताह गोष्ठियों तथा पौधारोपण का आयोजन कर रहे हैं। मेरे पत्र के उत्तर में बहुत से स्कूलों के प्रिंसीपल व हैडमास्टरों के फोन प्राप्त हो रहा है। जल्दी ही मेरा अगला पत्र पानी का बचाब आप सब को प्राप्त होगा क्योंकि मैंने इसी क्षेत्र को अपना कर पर्यावरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने की ठान ली है। आपका मार्गदर्शन मुझे मिलता रहेगा।

\- राकेश अरोड़ा

## पायनियर समृद्धि का समाचार

पाय0 क्लब हापुड़ की मासिक सभा का सुन्दर आयोजन मिलन पार्टी हाल में किया गया। होस्ट-पाय0 शुचेन्द्र अग्रवाल जो कि राष्ट्रीय डैलीगेट भी हैं ने बड़े सुन्दर ढंग से सभा को सुस्सज्जित किया।

अध्यक्ष विजेन्द्र गर्ग जी व सचिव विजय अग्रवाल जी ने सुनियोजित तरीके से सभा का संचालन किया। तरह-2 के गेम करवाकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। पायनियर्स हापुड़ व पायनियर्स समृद्धि ने मिलकर हार्ट चैक अप कैम्प लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए पा. सन्तोष मेहरोत्रा जी व एस्कोर्ट हास्पिटल से सम्पर्क साधा जा रहा है। दिसम्बर में इस कैम्प की योजना प्रस्तावित है। एक स्कूल के 5 निर्धन बच्चों को स्टेशनरी वितरण भी प्रस्ताव पारित किया गया।

## 15 अगस्त : बच्चों का शानदार प्रदर्शन

ज्ञान अमृत पब्लिक स्कूल हापुड़ में पायनियर्स इको केयर व प्रयास महिला मंच द्वारा पौधारोपण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को लंच बाक्स प्रदान किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया गया।

कार्यक्रम में डा0 एरिक कुजूर पाय. टी. राजन, पा. इको केयर हापुड़ के अध्यक्ष डा. अशोक गुप्ता, पाय. राकेश अरोरा, परवीन अरोरा, डा. शशिकिरण गुप्ता, आशा शर्मा, बबीता, अलका आनन्द, मिथलेश गर्ग व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों की तैयारी में स्कूल के स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## अरविन्द सिंघल अध्यक्ष, राजीव अग्रवाल सचिव चुने गये

रामनगर। इन्टरनेशनल क्लब पायनियर्स के वार्षिक चुनाव खत्री सभा रामनगर में दिनेश कुमार सर्राफ संरक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुये। अरविन्द सिंघल अध्यक्ष, डा0 आर0 के0 खुराना उपाध्यक्ष, रीता मित्तल महिला उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल सचिव, सुमित महरोत्रा उपसचिव, बसन्त सिंघल डायरेक्टर, संजीव शर्मा, मंगलसैन मित्तल, अमित गोयल, विपिन होम्योपैथिक औषधालय के प्रबन्धक चुने गये। सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि 35वां राष्ट्रीय अधिवेशन खुर्पाताल में संस्था के अधिक से अधिक सदस्य भाग लेगें। उक्त अवसर पर सामान्य ज्ञान विजेता छात्रों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व महासचिव मधुर किशोर अग्रवाल ने किया, कृर्पाल सिंह बिष्ट प्रथम, दीपाक्षी सारस्वत, स्नेहा सती द्वितीय, अनुराधा बिष्ट, प्रियंका रावत तृतीय तथा खुशबू जैन, विन्नी चोपड़ा, जयदीप नेगी, वार्णेक्य भट्ट, नितेश भट्ट, दीप चन्द्र जोशी को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। गुरुनानक स्कूल की प्रधानाचार्या को उनके स्कूल द्वारा सर्वाधिक पुरस्कार जीतने के लिये सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए प्रसिद्ध कवि साहित्यकार एवं कवि श्री चक्रधरपति त्रिपाठी ने कहा कि बट वृक्ष के बीज बहुत छोटे होते हैं। परन्तु वृक्ष बहुत विशाल होता है। अत: विद्यार्थियों को अपनी शक्ति को पहचानना चाहिये। बच्चों को अपने विशाल बनने की शक्ति लेने की प्रेरणा लेनी चाहिये। बच्चों के ऊपर राष्ट्र की दृष्टि है। उन्होंने विजेताओं से कहा कि वे राष्ट्र की शोभा बनें, सूर्य का प्रकाश बनें, देश को दिशा देना सीखें अपनी छुपी प्रतिभा को पहचानें। उन्होंने इन्टरनेशनल पायनियर्स की बच्चों को सही दिशा देने की प्रशंसा की और कहा कि पायनियर्स एक दिन विश्व में अपनी पहचान बनायेगा। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संयोजक राजीव अग्रवाल ने प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई देते हुये उनका आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर राजीव मित्तल ने धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय में दीवारों तथा फर्श पर टायल्स लगाने की घोषणा की। श्री दिनेश गोयल ने निर्वाचन में सहयोग के लिये सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। महा श्री संजीव शर्मा तथा संस्थापक संतोष महरोत्रा ने नव निर्वाचित अधिकारियों को बधाई दी।

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करने के लिये**

**उत्साही, कर्मठ, स्वावलम्बी, समाजसेवी मानवसेवी भावना रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन आमन्त्रित हैं।**

रजि0 संख्या 1237 स्थापित-1968 ☎ : 05947-252841

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com

राष्ट्रीय कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक - सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।